भारत सरकार / Government of India
परमाणु ऊर्जा विभाग / Department of Atomic Energy
नाभिकीय ईंधन सम्मिश्र / Nuclear Fuel Complex
भर्ती Recruitment – I

डाक - ईसीआईएल ECIL Post
हैदराबाद Hyderabad – 500 062

सं. Ref: NFC/PAR-I/03/57/2026/1368 सितंबर September 10, 2026

# सूचना

**विषय : विज्ञापन सं. NFC/01/2026 के अंतर्गत विज्ञापित पदों की स्क्रीनिंग टेस्ट/ स्टेज- 1 की प्रारंभिक परीक्षा एवं स्टेज-2 की एडवांस परीक्षा की समयसारिणी के संबंध में।**

----

दिनांक 21.03.2026 के विज्ञापन सं. NFC/01/2026 के अंतर्गत विभिन्न मेडिकल एवं पैरा-मेडिकल पदों के लिए अभ्यर्थियों द्वारा प्रस्तुत ऑनलाइन आवेदनों के संदर्भ में पद कोड 12601, 12603 एवं 12604 के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट तथा पद कोड 12602, 12605 व 12606 के लिए स्टेज-1 (प्रारंभिक परीक्षा) और स्टेज-2 - एडवांस परीक्षा दिनांक 27.09.2026 (रविवार) को आयोजित की जाएगी।

2. स्क्रीनिंग टेस्ट / स्टेज 1 - प्रारंभिक परीक्षा व स्टेज-2 का एडवांस टेस्ट ओएमआर आधारित होगा। लिखित परीक्षा दो शहरों अर्थात हैदराबाद एवं मुंबई में आयोजित की जाएगी। परीक्षा हेतु शहरों का आबंटन करते समय अभ्यर्थियों द्वारा उनके आवेदन में दी गई वरियता को यथासंभव ध्यान में रखा गया है।

3. पद कोड वार परीक्षा केंद्रों सहित अभ्यर्थियों की सूची **अनुलग्नक - I से अनुलग्नक - VI में** दी गई है। आबंटित शहरों में परीक्षा का सटीक स्थान प्रवेश पत्र में दर्शाया जाएगा।

4. अभ्यर्थियों को अनंतिम आधार पर स्क्रीनिंग टेस्ट / स्टेज-1 की प्रारंभिक परीक्षा और स्टेज - 2 के एडवांस टेस्ट में शामिल होने की अनुमति दी जाती है। केवल परीक्षा में शामिल हो जाना और परीक्षा में अर्हता प्राप्त कर लेना, किसी भी उम्मीदवार को चयन प्रक्रिया के अगले चरण में प्रवेश का अधिकार नहीं देता है।

5. अभ्यर्थियों को परीक्षा में शामिल होने से पहले यह सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे दिनांक 21.03.2026 के विज्ञापन सं. NFC/01/2026 में दी गई पात्रता और अन्य शर्तों को पूरा करते हों।

6. प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी और मोबाइल पर एक ई-मेल एवं एसएमएस प्राप्त होगा। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए लिंक दिनांक 20.09.2026 से recruit.nfc.gov.in पर उपलब्ध होगी। प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रक्रिया एनएफसी जॉब पोर्टल (recruit.nfc.gov.in) और एनएफसी की वेबसाइट (nfc.gov.in) पर प्रकाशित की जाएगी।

7. अभ्यर्थी कृपया आबंटित शहर और परीक्षा तिथि को नोट कर लें और तदनुसार अपनी यात्रा हेतु प्रबंध करें। शहर के परिवर्वन के लिए किसी प्रकार के अनुरोध को स्वीकार नहीं किया जाएगा। परीक्षा संबंधी अन्य अपडेट हेतु अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे एनएफसी की वेबसाइट को नियमित रूप से देखते रहें।

हस्ताक्षरित Sd/- (10.09.2026)

सहायक कार्मिक अधिकारी Assistant Personnel Officer